## महत्वपूर्ण एवं खास

### मंत्री अमरजीत भगत को पितृ शोक, पैतृक गांव में होगा अंतिम संस्कार

रायपुर (आरएनएस)। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के पिता दखलू राम भगत का सोमवार सुबह 7 बजे रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। दखलू राम कुछ दिनों से स्वास्थ्य खराब होने की वजह से अस्पताल में भर्ती थे। हमें प्राप्त जानकारी के अनुसार दाह संस्कार मंत्री भगत के पैतृक गांव पार्वतीपुर में आज शाम किया जाएगा।

### राज्यपाल ने दखलूराम भगत के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट किया

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने दखलूराम भगत के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। स्व. श्री दखलूराम भगत खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत के पिता है। राज्यपाल ने स्वर्गीय श्री दखलूराम भगत के शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 25 हजार की चोरी की

रायपुर (आरएनएस)। बाजार क्षेत्र में पुलिस गश्ती के अभाव में आये दिन दुकानों का ताला तोड़कर चोरों द्वारा दुकानदारों को आर्थिक क्षति पहुंचाई जाती है। खरोरा थाने से मिली जानकारी के अनुसार लाल राम धीवर आयु 30 वर्ष पिता सुदरूराम धीवर की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने कटर मशीन, रेंदा, ग्लेंडर मशीन, सहित अन्य सामग्री कीमत 25 हजार की चोरी की। उक्त मामले में खरोरा थाने ने अज्ञात चोर के खिलाफ आईपीसी की धारा 457 एवं 380 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### मुख्यमंत्री बघेल ने पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री हंसराज भारद्वाज के निधन पर शोक प्रकट किया

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री श्री हंसराज भारद्वाज के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। श्री बघेल ने स्वर्गीय श्री भारद्वाज के परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति और संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की है। स्वर्गीय श्री भारद्वाज वर्ष 2009 से 2014 तक कर्नाटक के राज्यपाल थे। उनके पास वर्ष 2012-13 में केरल के राज्यपाल का प्रभार रहा।

### मंत्री डॉ. शिव डहरिया ने कबीर पंथ प्रचारक सद्गुरू प्रकाश मुनि नाम साहेब से लिया आशीर्वाद

रायपुर। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रविवार को रायपुर जिले के ग्राम कनकी (खरोरा) में आयोजित सदुरू कबीर संत समागम कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कबीर पंथ प्रचारक सदुरू श्री प्रकाश मुनि नाम साहेब से आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि के लिए प्रकाश मुनि नाम साहेब से प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि कबीर पंथ के अनुयायियों द्वारा प्रदेश की शांति और सुरक्षा के लिए चार दिवसीय महायज्ञ एवं चौका आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा भी उपस्थित थी।

### आगामी शिक्षा सत्र से अंग्रेजी माध्यम के उत्कृष्ट स्कूल प्रारंभ होंगे

» वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने कलेक्टरों को स्कूलों का चयन करने के दिए निर्देश

रायपुर। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने राज्य शासन की महती योजना उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ करने की जा रही तैयारियों के लिए सभी राजस्व संभाग के आयुक्तों, जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी शिक्षा सत्र से अंग्रेजी माध्यम के स्कूल प्रारंभ करने के लिए सभी ऐसे विद्यालयों का चयन करने को कहा जिनकी दर्ज संख्या अत्यधिक न्यून हो, जिससे उनमें अध्ययनरत विद्यार्थियों को दूसरी जगह स्थानांतरित नही करना पड़े। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. शुक्ला ने चयनित विद्यालयों में आवश्यक अधोसंरचना का विकास स्थानीय निधियों से करने के निर्देश दिए।

# पुलिस ने बाजार में दबिश देकर मुखौटों-हानिकारक पेस्ट कलर किया जब्त

» होली पर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस हर तरह का कर रही प्रयास



रायपुर (आरएनएस)। होली पर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस हर तरह का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने होली बाजार में दबिश देकर तरह-तरह के मुखौटे और हानिकारक ऑयल पेस्ट, सिल्वर, गोल्डर कलर, कैमिकल कलर जैसे खतरनाक और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक रंग आदि जब्त किया है।

गोलबाजार थाना पुलिस ने अपने इलाके में विशेष अभियान चलाकर रंग-गुलाल और पिचकारी विक्रेताओं के यहां औचक दबिश दी है। पुलिस ने इस दौरान होली सामग्रियों की दुकानों की जांच-पड़ताल की। इस दौरान प्रतिबंध के बावजूद तरह-तरह के मुखौटे बेचने वाले विक्रेताओं के यहां से भारी मात्रा में मुखौटा जब्त किया गया है। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के बाद दुकानों में बिक रही हानिकारक रंगों को भी जब्त किया गया है। बाजार में हानिकारक रंग-पेस्ट बेचने वाले दुकानदारों पर भी कार्यवाही की गई। दुकानों में बिक रही सिल्वर, गोल्डन पेस्ट कलर के अलावा कैमिकलयुक्त पेस्ट कलर आदि भी जब्त किया गया है। जानकारों की माने तो इस तरह के रंगों से किसी भी इंसान को तत्काल इलर्जी होती है। कई मामलों में त्वचा के संपर्क में आते ही इस तरह के रंग से व्यक्ति को तेज खुजली, त्वचा में जलन, आंख में जाने पर आंखों को गंभीर नुकसान होता है। पुलिस ने जनहित और जनस्वास्थ्यहित को देखते हुए, ऐसे कैमिकल युक्त रंगों को जब्त कर लिया है।


## कोंगुपल्ली से इलमिडी तक 12 करोड़ की सड़क का हुआ शिलान्यास



बीजापुर (आरएनएस)। विधायक विक्रम शाह मंडावी ने बीजापुर जिले के विकासखण्ड उसूर में कोंगुपल्ली से इलमिडी तक 12 करोड़ रुपए की लागत से 18 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए शिलान्यास किया।

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि सड़क बन जाने से क्षेत्र के जनता को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता बहुत दिनों से इस सड़क के नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विधायक मंडावी ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनते ही बीजापुर के विकास के साथ मूलभूत सुविधाओं को ध्यान दे रही है हर गरीब परिवार तक विकास की योजनाओं को पहुंचाने की प्रयास कर रही है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## नगाड़ों के प्रति लोगों का मोह हो रहा कम, नगाड़ा निर्माता -विक्रेता बेहाल



रायपुर (आरएनएस)। फागुन के महीने में जब तक नगाड़ों की थाप और फाग की मस्ती नहीं होती, होली पर्व अधूरा होता है। लेकिन आधुनिकता की दौड़ में सरपट भाग रहे युवा वर्ग को इस बात से फर्क नहीं पड़ता। युवा वर्ग कानफोड़ू डीजे की संस्कृति में जी रहा है तो वहीं पुरानी पीढ़ियों के कान अब भी फाग और नगाड़ों की थाप सुनने के लिए तरस रहा है।

पीढ़ियों से अपनी संस्कृति को सहेजने वाले नगाड़ा निर्माता और विक्रेता भी गिनती के रह गए हैं। साल-दर-साल इनकी संख्या कम होती जा रही है। इस बात में कोई आश्चर्य नहीं कि आने वाली पीढ़ियों को नगाड़ा केवल तस्वीरों में देखने को मिलेगी। होली के पर्व के अलावा लोक धुनों में बजने वाले नगाड़े छत्तीसगढ़ में परंपरागत रूप से बनाए जाते हैं नगाड़े बनाने में पशु के चमड़े और मिट्टी के मटका नुमा संरचना का उपयोग होता है प्रतिवर्ष राजधानी में बसंत पंचमी के बाद गंजपारा चौक में नगाड़े बिकना प्रारंभ हो जाते थे अब यह नगाड़े रायपुर में गंज पारा चौक के अलावा कालीबाड़ी तिराहे सहित राजधानी के कुछ अन्य ऐसे मोहल्लों में बिकते हैं जहां परंपरागत रूप से इसे बजाने में रुचि रखने वाले हो। ऐसे ही इस परंपरागत वाद्य नगाड़े को राजधानी में बेचने प्रवीण कुमार कटीले डोंगरगढ़ से आते हैं उनका कहना है कि उनका परिवार बरसों से परंपरागत रूप से नगाड़ों का निर्माण करता है और साल में एक बार राजधानी पहुंचते हैं। प्रवीण बताते हैं उनके पास 100 से शुरू होकर 22 सौ रुपए जोड़ी तक के नगाड़े हैं।



## युवती से अनाचार मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। आए दिन युवतियों के साथ छेड़छाड़ एवं अनाचार की घटनाएं होती रहती है। कड़े कानून बनने के बाद भी घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। टिकरापारा थाने से मिली जानकारी के अनुसार 18 वर्षीया नाबालिग कृष्णा नगर टिकरापारा निवासी को आरोपी आशीष जार्ज 30 वर्ष पिता एस जार्ज द्वारा कम उम्र की गोल ली गई बच्ची को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर दुष्कर्म किया गया। उक्त मामले में थाने ने धारा 376 एवं 506 के तहत अपराध कायम किया है।

## प्रदेश में 16 मार्च से मनाया जाएगा वजन त्यौहार


» महिला एवं बाल विकास सचिव ने कलेक्टरों को जारी किए निर्देश

रायपुर। छत्तीसगढ़ में हर साल की तरह इस साल भी बच्चों में पोषण स्तर के आंकलन हेतु वजन त्यौहार मनाया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वजन त्यौहार का आयोजन आगामी 16 मार्च से 25 मार्च तक किया जा रहा है।

इस संबंध में विभागीय सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिख कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। महिला एवं बाल विकास अधिकारियों को भी वजन त्यौहार के लिए विस्तृत निर्देश जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य में वास्तविक पोषण स्तर की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रतिवर्ष सभी 05 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण स्तर के आंकलन हेतु वजन त्यौहार आयोजित किया जाता है।

वजन त्यौहार के दौरान सभी बच्चों का वजन लेकर उनकी जानकारी ऑनलाईन सॉफ्टवेयर में दर्ज करते हुए पोषण स्तर ज्ञात किया जाता है। इस प्रक्रिया में आंकड़ों की शुद्धता बनी रहती है। परदेशी ने कलेक्टरों को उनकी अध्यक्षता में वजन त्यौहार आयोजन के लिए जिला स्तर के सभी विभागीय अधिकारियों की 12 मार्च तक बैठक लेकर सभी को दायित्व सौंपने कहा है, जिससे प्रत्येक पंचायत स्तर तक मॉनीटरिंग की जा सके। साथ ही प्रत्येक पंचायत के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए त्रुटिरहित वजन त्यौहार का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सचिव ने अधिकारियों को समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## बस में सामान चढ़ा रहे यात्रियों को ट्रक ने मारी टक्कर मौके पर ही तीन की मौत



जगदलपुर (आरएनएस)। शहर से लगे परपा थाने के सामने देर रात बस में सामान चढ़ा रहे दो यात्री और बस के हेल्पर को गीदम की तरफ से आ रही एक ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी.इस हादसे में मौके पर ही तीनों की मौत हो गई है।

बताया जा रहा है कि रात करीब 12:00 बजे बुलेट शोरूम के सामने 2 यात्री और बस का हेल्पर यात्री बस के पीछे की डिक्की में सामान रख रहे थे.इसी दौरान पीछे से आ रही एक ट्रक ने बस को पीछे से टक्कर मार दी इसकी चपेट में आकर मौके पर ही तीनों की मौत हो गई है .दोनों यात्री मुंगेली के रहने वाले हैं और यहां मजदूरी करने आए हुए थे.होली के अवसर पर अपने गांव जा रहे थे।

यात्री बचेली सी आ रही महेंद्र ट्रैवल्स में सवार होने के लिए अपने सामान को बस में चढ़ा रहे थे और उनकी मदद बस का हेल्पर कर रहा था तभी यह हादसा हुआ .फिलहाल मृतकों की पहचान कर ली गई है.दो मृतक मुंगेली और हेल्पर रायपुर का रहने वाला है।

परपा पुलिस ने मृतकों के परिजनों से संपर्क कर लिया है उनके आने के बाद आगे की कागजी कार्यवाही की जाएगी .बस्तर में लगातार सड़क हादसे बढ़ रहे हैं .पूरे देश में सड़क हादसे में मरने वालों में लोगों में छत्तीसगढ़ देश में पहला स्थान प्राप्त कर चुका है.तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बीते 2 साल में काफी बढ़ोतरी हुई है।

## गृहमंत्री ने दी पंचायत एवं नगरीय निकाय के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को होली पर्व की बधाई



रायपुर। प्रदेश के गृह, जेल एवं लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू के मुख्य आतिथ्य में आज सोमवार को दोपहर बेमेतरा में पंचायत एवं नगरीय निकाय के जन प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गृह मंत्री श्री साहू ने सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

विधायक बेमेतरा श्री आशीष कुमार छाबड़ा ने भी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को होली पर्व के अवसर पर बधाई दी। इस अवसर पर श्री अवनीश राघव, टी.आर. जनार्दन, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती शकुन्तला मंगतराम साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शशिप्रभा गायकवाड़, पार्षद श्रीमती रश्मि फणेन्द्र मिश्रा, आशीष राम ठाकुर के अलावा ललित विश्वकर्मा, सुमन गोस्वामी, सनतधर दीवान, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## होली पर्व : शहर के सभी चौक-चौराहों पर रहेगी पुलिस की नजर

» शहर को कई सेक्टरों में बांटकर अफसरों को दी गई जिम्मेदारी

रायपुर (आरएनएस)। होली पर्व के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम कर लिया है। शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों में पुलिस बल तैनात किए जा रहे हैं। सभी चौराहों में आज दोपहर से ही जवानों की तैनाती हो जाएगी। इसके अलावा पुलिस अधिकारी फ्लैग मार्च भी निकालेंगे। पुलिस प्रशासन ने कहा कि होली की आड़ में किसी भी तरह का हुड़दंग नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि होली पर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था कर ली गई है। पुलिस प्रशिक्षण केन्द्रों से तथा पुलिस लाईन से भी अतिरिक्त बल लिया गया है। करीब 1500 जवानों का अतिरिक्त फोर्स तैयार रखा गया है। शहर के प्रमुख इलाकों को कई सेक्टरों में बांटकर इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी अफसरों को दी जा रही है। इन अफसरों की ड्यूटी शहर के विभिन्न इलाकों में होगी। इनके साथ अतिरिक्त फोर्स भी चौक-चौराहों में तैनात होंगे। होली में हुड़दंग मचाने वाले लोगों को धरपकड़ के लिए पेट्रोलिंग पार्टियों को लगातार गश्त करने का निर्देश उच्चाधिकारियों द्वारा दिया गया है। इसके अलावा बाइक में तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, मुखौटा लगाने वालों, जबरदस्ती रंग लगाने वाले लोगों पर भी पुलिस पार्टी की सतत निगाह रहेगी।

## कुपोषण से मुक्ति के लिए पोषण रथ को किया गया रवाना



बीजापुर (आरएनएस)। महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने के लिए पोषण अभियान चलाया है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी लुपेन्द्र महिनागा ने बताया कि 08 से 22 मार्च तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

पोषण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति हितग्राहियों को जागरूक करना है। पोषण रथ का शुभारंभ कलेक्टर केडी कुंजाम द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया है। कुपोषण के लिए चलाये जा रहे पोषण अभियान के माध्यम से गांवों में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित जागरूकता अभियान को व्यापक व प्रभावशाली रूप से क्रियान्वित किए जाने के लिए पोषण रथ का शुभारंभ कलेक्टर केडी कुंजाम द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया है। पोषण रथ के साथ प्रचार प्रसार के लिए नुक्कड़ टीम भी है, जो ग्राम पंचायतों में हॉट बाजारों में पोषण का अलख जगाने प्रचार भी करेंगे। इसके लिए विभिन्न सहयोगी विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में पोषण पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत पोषण मेला का भी आयोजन किया जावेगा।



## केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर रायपुर पहुंचे, भाजपाईयों ने ढोल-नगाड़ों से किया स्वागत

रायपुर (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर सोमवार को छत्तीसगढ़ प्रवास पर राजधानी रायपुर पहुंचे। यहां स्वामी विवेकानंद विमानतल पर ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह एक दिवसीय प्रवास पर आज यहां आये हुए है। रायपुर स्थित विमानतल पर पहुंचने पर सांसद सुनील सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU